दिनांक 03.10.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वच्छता सर्वेक्षण में भिलाई को नंबर -1 बनाने जुटा निगम का अमला, आवाजाही को बाधित करने वाले कंटीली झाड़ियों की गई कटाई

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव और निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग का अमला स्वच्छता सर्वेक्षण - 2021 में भिलाई को नंबर- 1 बनाने में जुट गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण - 2021 के मापदंड के अनुसार न केवल सड़क , नालियों की साफ-सफाई और कंटीली झाड़ियों की कटाई किया जा रहा है , बल्कि विशेष सफाई अभियान चलाकर सड़क नालियों की सफाई के साथ सड़कों के किनारे बिखरे हुए झिल्ली , रैपर, रबड़, थर्माकोल इत्यादि के कचरे को एकत्र किया जा रहा है। वहीं आवागमन को बाधित करने वाले किनारे की कंटीली झाड़ियां और गाजर घास की कटाई की जा रही है। जोन- 1 की टीम ने आज नेहरू नगर चौक से कोसानगर टोल तक नेशनल हाइवे के दोनों तरफ, गौठान के सामने सहित लगभग 2 किलोमीटर तक झाड़ियों की सफाई की। जोन - 2 वैशाली नगर की टीम ने गौरवपथ, ओम शांति ओम चौक के आस पास, हाउसिंग बोर्ड एरिया की साफ सफाई की। जोन - 4 की टीम ने वार्ड- 38 के स्टेडियम के पास , दीनदयाल पुरम का ॅलोनी , जीई रोड किनारे के दोनो साइड, सर्विस रोड के दोनो ओर, तेल्हा नाला के दोनों किनारे झाड़ियों की कटाई की।